**No: Coord-14/38/2018-COORD Sec**
**Government of India**
**Ministry of Development of North Eastern Region**
*****

Vigyan Bhawan Annexe,Maulana Azad Road,
New Delhi-110011, Dated 05th March, 2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Subject: Monthly summary of principal activities undertaken and important decisions taken during the month of February, 2024 in respect of Ministry of Development of North Eastern Region.**

The undersigned is directed to refer to Cabinet Secretariat's D.O. letter No.1/26/2018-Cab. dated 30th May, 2018 from Shri Rajesh Bhushan, Additional Secretary, Cabinet Secretariat on the subject mentioned above.

2. The monthly summary pertaining to the Ministry of Development of North Eastern Region for the month of February, 2024 (both in Hindi & English) is hereby circulated for information.

5/3/2024

(Jaya Shah)
Under Secretary to the Govt. of India
Tel. 23022025

**Encl. As above.**

To

All Members of the Council of Ministers.

**Copy with enclosure also forwarded to:**

i. The Secretary to the Hon'ble President, Rashtrapati Bhawan, New Delhi.
ii. The Secretary to the Hon'ble Vice President, No.5 Maulana Azad Road, New Delhi.
iii. PPS to The Vice Chairman, NITI Aayog, NITI Bhawan, New Delhi.
iv. Secretary(Coord.), Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhawan, New Delhi
v. The Secretaries to the Government of India.

**Copy to:**

i. Additional Secretary and Financial Adviser/ Sr. Economic Adviser/ Joint Secretary (S)/Joint Secretary(AD)/ Joint Secretary(AC)/ Statistical Adviser(SG), Ministry of DoNER.
ii. Director(PV)/Deputy Secretary(SDM)/Deputy Secretary(NS)/ Deputy Secretary(SS)/Deputy Secretary(AM)/ Joint Director(PT) /Joint Director(BBP), Ministry of DoNER
iii. Director, NIC, Ministry of DoNER for uploading on the website of the Ministry.
iv. PPS to Secretary, DoNER.

**Monthly summary of principal activities and important decisions taken in the Ministry of Development of North Eastern Region during the month of February, 2024**

**1. Important policy decisions taken and major activities during the month**

1.1 On 05th February, 2024 Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER) organized North East Sammelan at Ambedkar International Centre, New Delhi. Hon'ble Minister of DoNER, Shri G.Kishan Reddy was the chief guest for the event. Shri Kiren Rijiju, Hon'ble Minister of Earth Sciences, Smt. Pratima Bhoumik, Hon'ble MOS, Social Justice and Empowerment, Shri Rajkumar Ranjan Singh, Hon'ble MoS Education and External Affairs and Shri B.L. Verma, Hon'ble MoS of DoNER and other dignitaries including Smt. Sangkhumi Bualchhuak, Padmashri recipient, Members of Parliament, Members of Legislative Assemblies of North Eastern States and Secretary, MDoNER and Secretary MoCA were also present during the event along with officers and staff of MDoNER and students from NE States.

Hon'ble Minister, MDoNER virtually laid foundation stone of the North Eastern Cultural and Social Institute at Dwarka costing Rs 116.38 crore and inaugurated the Barak Hostel at JNU, New Delhi, costing Rs 28.67 crore. He said that the Sammelan is a remarkable platform to spotlight the abundant opportunities and rich cultural diversity inherent in the North Eastern Region and emphasized the unprecedented growth and development witnessed over the last decade, transforming the region from a neglected area to the Ashtalakshmi of Bharat.

1.2 On 08th February, 2024, Hon'ble President of India, Smt. Drupadi Murmu inaugurated the 4-day cultural extravaganza "Vividhta ka Amrit Mahotsav": A cultural odyssey unveiling the richness of Northeast India at Amrit Udyan, Rashtrapati Bhavan, New Delhi.

Hon'ble Minister of DoNER Shri G. Kishan Reddy and Hon'ble Minister of Earth Science, Shri Kiren Rijiju were also present during the occasion.

MDoNER organized this event in partnership with the Ministry of Culture and managed it through its CPSE, North Eastern Handicrafts & Handlooms Development Corporation Limited (NEHHDC). The Mahotsav showcased the rich diversity of Northeast India, blending traditional arts, crafts, and cultures under one vibrant umbrella.

The Mahotsav also celebrated the vibrant tapestry of diverse flavours and unique traditions of Northeast India's culinary landscape including Assam Laksa, Manipur's Eromba etc.

1.3 On 13th February, 2024, An MoU was signed among MDoNER, NEC, Shillong and IIM Shillong for continuing the operation of Dr. APJ Abdul Kalam Centre for Policy Research and Analysis at the NEC Secretariat, Shillong. Speaking on the occasion Shri Chanchal Kumar, Secretary, MDoNER highlighted the need for introducing North East Development Fellows through Dr. Kalam Centre from IIM Shillong which will have a significant impact in administration and bringing good governance in the region.

1.4 On 19th February, 2024, MDoNER organized the North East Trade and Investment Roadshow in Kolkata. Hon'ble MoS, MDoNER Shri B.L. Verma, Secretary, MDoNER Shri Chanchal Kumar, Senior Officers from MDoNER and officers from NE State Governments, NEDFi, FICCI (Industry Partner), and Invest India (Investment Facilitation Partner) were present during the event.

The event commenced on a highly positive and promising note, capturing significant attention, and attracting a substantial number of participants.

1.5 NEHHDC, MDoNER participated in the 37th Surajkund International Crafts Mela organized from 2nd to 18th February, 2024. Through this event NEHHDC highlighted the North Eastern Crafts before the gathering and provided a comprehensive national/international markets enabled platform for various handicrafts and handlooms to promote rich crafts of the North Eastern Region.

1.6 On 15th February, 2024, MDoNER organized a Corporate Social Responsibility (CSR) roundtable in Vigyan Bhawan, New Delhi. Secretary, MDoNER, Senior Officers from MDoNER and Ministry of Corporate Affairs; North Eastern States; North Eastern Council; representatives of CPSEs; various corporate and NGOs participated in the event.

The roundtable provided a platform to the states to share ideas about increasing CSR spend in NER.

1.7 On 21.02.2024, MDoNER took a review with 27 Non-exempted Ministries/Departments upto 3rd Quarter on the mandatory allocation and utilization under 10% GBS of 2023-24 under the Chairmanship of Secretary, MDoNER at Vigyan Bhawan Annexe, New Delhi wherein Senior officers from Ministries/ Departments, Resident Commissioners from all NE States and Planning Secretaries of NE States joined the meeting in person or through VC.

1.8 Secretary, MDoNER had a meeting with the Delegation of European Union in India on 22nd February, 2024 in Vigyan Bhawan Annexe, New Delhi to discuss initiatives taken by Union Government for development of the North Eastern Region.

1.9 Secretary, MDoNER had a meeting with World Bank Team on Tuesday, 27th February 2024 in Vigyan Bhawan Annexe, New Delhi to discuss the concept note on the Northeast Economic Development Report being prepared by World Bank.

1.10 Since 2015 , 680 Union Ministers have visited North Eastern Region(NER) under "Fortnightly visit programme of Ministry of Development of Eastern Region(MDoNER)".

1.11 Funds amounting to Rs 189.02 crore were released to the NE States under various Schemes implemented by MDoNER/NEC. This includes following important projects:-

i. Construction of double lane road from Lanka to Umrangso via Diyungmukh, Haflong Tinali and Panimur(L-68.915 km ) in Assam.
ii. Construction of RCC Bridge No.17/1 over river Dhansiri on Udalgiri Bhairabkunda road in Assam.
iii. Construction of Konyak Heritage Complex at Mon District, Nagaland.
iv. Establishment of large cardamom at Debing Rijo, Giba Circle, Upper Subhanshri District, Daporijo, Arunachal Pradesh.
v. Construction of road from BRTF to Pidi in West Siang District in Arunachal Pradesh.

1.12 Meetings of Empowered Inter-Ministerial Committee (EIMC) were held on 13th and 28th February, 2024. In these meetings, following project proposals were recommended for approval/recommended in-principal:-

(i) Under PM DevINE Scheme, 4 project proposals worth Rs. 367.25 crore were recommended for approval and 3 project proposals worth Rs. 251.14 crore were recommended In-principle.

(iii) Under NESIDS(OTRI), 4 project proposal worth Rs. 262.62 crore were recommended for approval and 1 project proposals worth 40 crore was recommended In-principle.

(iv) Under schemes of NEC, 1 project proposal worth Rs 22.79 cr was recommended for approval.

******

**फरवरी, 2024 माह के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में प्रमुख गतिविधियों और लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सारांश**

**महीने के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख गतिविधियां**

1.1 दिनांक 05 फरवरी, 2024 को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में उत्तर पूर्व सम्मेलन का आयोजन किया। माननीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री श्री किरेनरिजिजू, माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा भौमिक, माननीय शिक्षा और विदेश राज्य मंत्री श्री राजकुमार रंजन सिंह, माननीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री श्री बी. एल. वर्मा, पद्मश्री श्रीमती संगखुमीबुआलछुक, अनेक संसद सदस्य, पूर्वोत्तर राज्यों की विधान सभाओं के सदस्य, सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के अधिकारी एवं कर्मचारी और पूर्वोत्तर राज्यों के छात्र भी उपस्थित थे।

माननीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रीने द्वारका में 116.38 करोड़ रुपये की लागत वाले पूर्वोत्तर सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थान की आधारशिला रखी (वर्चुअल मोड) और जेएनयू, नई दिल्ली में 28.67 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बराक छात्रावास का उद्घाटन किया।उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन पूर्वोत्तर क्षेत्र में निहित प्रचुर अवसरों और समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को उजागर करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच है और पिछले दशक के दौरान अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के बल पर इस क्षेत्र को एक उपेक्षित क्षेत्र से भारत की अष्टलक्ष्मी में रूपांतरित कर दिया गया है।

1.2 दिनांक 08 फरवरी, 2024 कोभारत की माननीय राष्ट्रपतिश्रीमती द्रौपदीमुर्मू ने 4-दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव "विविधता का अमृत महोत्सव" का उद्घाटन किया। पूर्वोत्तर भारत की समृद्धि को उजागर करने वालेइस सांस्कृतिक कार्यक्रमका आयोजन अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में किया गया।

इस अवसर पर माननीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी और माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री श्री किरेनरिजिजू भी उपस्थित थे।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने संस्कृति मंत्रालय के साथ साझेदारी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया और इसे अपने अधीनस्थ उपक्रम उत्तर-पूर्वी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लि. (एनईएचएचडीसी) के माध्यम से समन्वित किया। इस महोत्सव ने पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध विविधता और पारंपरिक कलाओं,शिल्प और संस्कृतियों को एक जीवंत छत्र के नीचे प्रदर्शित किया।

महोत्सव में पूर्वोत्तर के विभिन्न जायकों की जीवंत झांकी और असम लक्सा, मणिपुर के एरोम्बा आदि सहित पूर्वोत्तर भारत के व्यंजन परिदृश्य की अनूठी परंपराओं का भी जश्न मनाया गया।

1.3 13 फरवरी, 2024 कोएनईसी सचिवालय, शिलांग में डॉ.एपीजेअब्दुल कलाम सेंटर फॉरपॉलिसीरिसर्च एंड एनालिसिस के संचालन को जारी रखने के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, एनईसी, शिलांग और आईआईएम शिलांग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर श्री चंचल कुमार, सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने आईआईएम शिलांग से डॉ. कलाम सेंटर के माध्यम से पूर्वोत्तर विकास अध्येताओं (फैलो) की शुरूआत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जिसका प्रशासन में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा और इस क्षेत्र में सुशासन आएगा।

1.4 19 फरवरी, 2024 को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने कोलकाता में पूर्वोत्तर व्यापार और निवेश रोड शो का आयोजन किया। इस अवसर पर माननीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री श्री बी.एल. वर्मा, श्री चंचल कुमार,सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और पूर्वोत्तर राज्य सरकारों, नेडफी, फिक्की (उद्योग भागीदार) और इन्वेस्ट इंडिया (निवेश सुविधा भागीदार) के अधिकारी भी उपस्थित थे।

यह कार्यक्रम अत्यधिक सकारात्मक और आशाजनक रूप से शुरू हुआ। इसने बड़े पैमाने पर लोगों का ध्यान आकर्षित कियाऔर इसमें पर्याप्त संख्या में प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

1.5 एनईएचएचडीसी, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने 02 से 18 फरवरी, 2024 तक आयोजित 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में भाग लिया। इस आयोजन के माध्यम से एनईएचएचडीसी ने पूर्वोत्तर के शिल्प पर प्रकाश डाला और पूर्वोत्तर क्षेत्र के समृद्ध शिल्प को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न हस्तशिल्प और हथकरघा के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बाजार समर्थित मंच प्रदान किया।

1.6 15 फरवरी, 2024 को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम मेंसचिव,उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और कॉर्पोरेटकार्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों; उत्तर पूर्वी राज्यों; पूर्वोत्तर परिषद; सीपीएसई के प्रतिनिधियों; विभिन्न कॉर्पोरेट और गैर सरकारी संगठनों ने भाग लिया।

इस गोलमेजसम्मेलन ने राज्यों को पूर्वोत्तर क्षेत्र में सीएसआर खर्च बढ़ाने के बारे में विचार साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

1.7 दिनांक 21.02.2024 को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में 2023-24 के 10% जीबीएस के तहत अनिवार्य आवंटन और उपयोग पर तीसरी तिमाही तक 27 गैर-छूट प्राप्त मंत्रालयों/विभागों के साथ समीक्षा की, जिसमें मंत्रालयों/विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, सभी पूर्वोत्तर राज्यों के रेज़ीडेंटआयुक्त और पूर्वोत्तर राज्यों के आयोजना सचिव व्यक्तिगत रूप से या वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

1.8 सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा की गई पहलों पर चर्चा करने के लिए 22 फरवरी, 2024 को विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की।

1.9 विश्व बैंक द्वारा तैयार की जा रही पूर्वोत्तर आर्थिक विकास रिपोर्ट संबंधी अवधारणा नोट पर चर्चा करने के लिए सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने मंगलवार, 27 फरवरी 2024 को विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में विश्व बैंक की टीम के साथ बैठक की।

1.10 वर्ष 2015 से680 केंद्रीय मंत्रियों ने "उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के पाक्षिक दौरे कार्यक्रम" के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र का दौरा किया है।

1.11 उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय/एनईसी द्वारा कार्यान्वित विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों को 189.02 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। इनमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं:-

i. असम में दियुंगमुख, हाफलोंगतिनाली और पानीमूरके रास्ते लंका से उमरंगसो तक डबल लेन सड़क (लंबाई -68.915 किमी)का निर्माण।
ii. असम में उदलगिरिभैरबकुंडा रोड पर धनसिरी नदी पर आरसीसीब्रिज नंबर 17/1 का निर्माण।
iii. मोन जिला, नागालैंड में कोन्याक हेरिटेज कॉम्प्लेक्स का निर्माण।
iv. देबिंगरिजो, गिबासर्कल, ऊपरी सुबानसिरीजिला, दापोरिजो, अरुणाचल प्रदेश में बड़ी इलायची की खेती।
v. अरुणाचल प्रदेश में पश्चिम सियांग जिले में बीआरटीएफ से पीडी तक सड़क का निर्माण।

1.12 अधिकार प्राप्त अंतर-मंत्रालयी समिति (ईआईएमसी) की बैठकें 13 और 28 फरवरी, 2024 को आयोजित की गईं। इन बैठकों में निम्नलिखित परियोजना प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए सिफारिश/सैद्धांतिक रूप से सिफारिश की गईः

i. पीएम-डिवाइन स्कीम के तहत 367.25 करोड़ रुपये मूल्य के 4 परियोजना प्रस्तावों को अनुमोदन के लिए अनुशंसित किया गया और 251.14 करोड़ रुपये मूल्य के 3 परियोजना प्रस्तावों की सैद्धांतिक रूप से सिफारिश की गई।
ii. एनईएसआईडीएस (ओटीआरआई) के तहत262.62 करोड़ रुपये के 4 परियोजना प्रस्तावों को अनुमोदन के लिए अनुशंसित किया गया और 40 करोड़ रुपये के 1 परियोजना प्रस्ताव की सैद्धांतिक रूप से सिफारिश की गई।
iii. एनईसी की स्कीमोंके तहत22.79 करोड़ रुपये मूल्य के 1 परियोजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए अनुशंसित किया गया।

*****